भारतीय रेड क्रास सोसायटी
श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज इकाई, गोण्डा
विषय– ''एच0आई0वी0, एड्स एवं टी0बी0– कारण, बचाव एवं उपचार ''
20 जनवरी, 2025

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा की रेड क्रास इकाई द्वारा दिनांक 20 जनवरी 2025 को मुख्य परिसर स्थित ललिता शास्त्री सभागार में रेड क्रास के स्वयंसेवकों एवं कॉलेज के विद्यार्थियों हेतु **''एच0आई0वी0, एड्स एवं टी0बी0– कारण, बचाव एवं उपचार''** विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। यह व्याख्यान स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, गोण्डा के चिकित्सक डॉ0 मिथिलेश, एम0डी0 मेडिसिन द्वारा दिया गया। सहयोग डॉ0 विवेक द्वारा किया गया।

डॉ0 मिथिलेश ने जानकारी देते हुये बताया कि टी0बी0 विश्व में सबसे अधिक मौतों की कारक है, जिसका 26 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ हमारे देश में व्याप्त है। 15 से 45 वर्ष के आयु समूह में इस बीमारी की बहुतायत है, जिसमें पुरूष ज्यादा संख्या में संक्रमित होते हैं। इसकी पहचान के लिए एक्स–रे तथा बलगम की जॉच की जाती है। सरकार ने मरीजों की पहचान के लिए बहुत सी योजनायें शुरू की हैं, जिनमें से उन्होंने कई योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने यह भी बताया कि इन योजनाओं में जॉच, इलाज और निगरानी निःशुल्क है।

एच0आई0वी0 के संदर्भ में जानकारी देते हुये इसके कारण, जॉच तथा इलाज के विषय में विस्तृत चर्चा की। इनसे बचाव के लिए उन्होंने भारतीय जीवन शैली को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उपचार से बचाव श्रेयष्कर है। यदि भारतीय परम्पराओं को ध्यान में रखकर जीवन यापन करेंगें तो इन बीमारियों से बचे रह सकते हैं।

शिशिर त्रिपाठी– विभागाध्यक्ष, जन्तु विज्ञान विभाग ने अपनी ब्रीफिंग में एक साथी के साथ सम्बन्ध रखने पर विशेष बल दिया तथा संयमित जीवन जीने की सलाह प्रदान की। इसके साथ ही व्याख्यान के बादं एक पारस्परिक विचार–विमर्श का सत्र भी रखा गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी समस्याओं और अनुभवों को साझा किया। समस्याओं का समाधान मुख्य वक्ता द्वारा किया गया।

रेड क्रास प्रभारी प्रोफेसर राजीव कुमार अग्रवाल ने बताया कि सरकार की ओर से 100 दिवसीय राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें सभी नागरिकों के सहयोग की अपेक्षा है ताकि इस बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सके।

प्रतिभागियों में रेड क्रास के सदस्य, एन0सी0सी0 के कैडेट्स व कॉलेज के अन्य विद्यार्थी उपस्थित थे। एन0सी0सी0 प्रभारी डॉ0 अमित कुमार शुक्ला का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में रेड क्रास समिति के प्राध्यापक सदस्य– श्री शिशिर त्रिपाठी, डॉ0 पुनीत कुमार, डॉ0 ममता शुक्ला तथा मानसी पाण्डेय और विन्ध्य प्रसाद साहू तथा विद्यार्थी सदस्य– सत्यम दुबे व नितेश तिवारी व अभिजीत उपस्थित थे। स्वागत रेड क्रास प्रभारी प्रोफेसर राजीव कुमार अग्रवाल और धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर बी0पी0 सिंह ने किया। प्रोफेसर वी0सी–एच0एन0के0 श्रीनिवासा राव, प्रोफेसर सन्दीप श्रीवास्तव, डॉ0 वन्दना भारतीय एवं अमित कुमार उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

• रेडक्रॉस इकाई द्वारा एचआईवी एड्स, टीबी के बचाव एवं उपचार विषय पर हुआ व्याख्यान

अमर भारती ब्यूरो

गोंडा। स्थानीय श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज में प्राचार्य प्रो रविन्द्र कुमार के निर्देशन आयोजित किए जा रहे पुष्प उत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता व रेडक्रॉस इकाई द्वारा एचआईवी एड्स, टीबी के कारण बचाव एवं उपचार विषय पर व्याख्यान का आयोजन सोमवार 20 जनवरी को किया गया। सोमवार के इस कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए नैक समन्वयक प्रो जितेंद्र सिंह ने पेंटिंग प्रतियोगिता में कुल 61 छात्र - छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साक्षी तिवारी एम.ए. फर्स्ट सेमेस्टर, द्वितीय स्थान तनु तिवारी बी ए फर्स्ट सेमेस्टर तथा तृतीय स्थान दृष्टि श्रीवास्तव बी ए फर्स्ट सेमेस्टर एवं सृष्टि सिंह बी ए-3 सेमेस्टर ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो0 अमन चंद्रा ,डॉ0 पुनीत कुमार तथा डॉ0 ममता शुक्ला सम्मिलित थे। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने प्रतियोगिता के विषय- सड़क सुरक्षा से सम्बंधित विषय वस्तु के विभिन्न आयामों तथा प्रस्तुतीकरण में सृजनात्मकता के आधार पर निर्णय लिए। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के सदस्य डॉ0 अजीत कुमार मिश्रा, डॉ0 स्मिता सिंह, डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव प्रतिभा सिंह ने अत्यंत व्यवस्थित तरीके से किया। कार्यक्रम के संयोजक पूजा यादव थी, जिन्होंने प्रतियोगिता के सफल और प्रभावशाली आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रो0 शशि बाला, डॉ0 लोहंस कुमार कल्याणी, डॉ0 संतोष कुमार, डॉ0 योगेन्द्रनाथ श्रीवास्तव, राकेश मिश्रा, रोहित सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा की रेड क्रास इकाई द्वारा ललिता शास्त्री सभागार में रेड क्रास के स्वयंसेवकों एवं कॉलेज के विद्यार्थियों हेतु एचआईवी, एड्स एवं टीबी- कारण, बचाव एवं उपचार विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। यह व्याख्यान स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, गोण्डा के चिकित्सक डॉ0 मिथिलेश, एमडी मेडिसिन द्वारा दिया गया। सहयोग डॉ0 विवेक द्वारा किया गया।

डॉ0 मिथिलेश ने जानकारी देते हुये बताया कि टी0बी0 विश्व में सबसे अधिक मौतों की कारक है, जिसका 26 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ हमारे देश में व्याप्त है। 15 से 45 वर्ष के आयु समूह में इस बीमारी की बहुतायत है, जिसमें पुरुष ज्यादा संख्या में संक्रमित होते हैं। इसकी पहचान के लिए एक्स-रे तथा बलगम की जाँच की जाती है। सरकार ने मरीजों की पहचान के लिए बहुत सी योजनायें शुरू की है, जिनमें से उन्होंने कई योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने यह भी बताया कि इन योजनाओं में जाँच, इलाज और निगरानी निःशुल्क है।

एच0आई0वी0 के संदर्भ में जानकारी देते हुये इसके कारण, जाँच तथा इलाज के विषय में विस्तृत चर्चा की। इससे बचाव के लिए उन्होंने भारतीय जीवन शैली को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उपचार से बचाव बेहतर है। यदि भारतीय परम्पराओं को ध्यान में रखकर जीवन यापन करेंगे तो इन बीमारियों से बचे रह सकते हैं।

शिशिर त्रिपाठी- विभागाध्यक्ष, जन्तु विज्ञान विभाग ने अपनी ब्रीफिंग में एक साथी के साथ सम्बन्ध रखने पर विशेष बल दिया तथा संयमित जीवन जीने की सलाह प्रदान की। इसके साथ ही व्याख्यान के बाद एक परस्परिक विचार-विमर्श का सत्र भी रखा गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी समस्याओं और अनुभवों को साझा किया। समस्याओं का समाधान मुख्य वक्ता द्वारा किया गया।

रेड क्रास प्रभारी प्रोफेसर राजीव कुमार अग्रवाल ने बताया कि सरकार की ओर से 100 दिवसीय राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें सभी नागरिकों के सहयोग की अपेक्षा है ताकि इस बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सके। प्रतिभागियों में रेड क्रास के सदस्य, एन0सी0सी0 के कैडेट्स व कॉलेज के अन्य विद्यार्थी उपस्थित थे। एन0सी0सी0 प्रभारी डॉ0 अमित कुमार शुक्ला का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में रेड क्रास समिति के प्राध्यापक सदस्य- श्री शिशिर त्रिपाठी, डॉ0 पुनीत कुमार, डॉ0 ममता शुक्ला तथा मानसी पाण्डेय और चिन्मय प्रसाद साहू तथा विद्यार्थी सदस्य- सत्यम दुबे व नितेश तिवारी व अभिजीत उपस्थित थे। स्वागत रेड क्रास प्रभारी प्रोफेसर राजीव कुमार अग्रवाल और धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर बी0पी0 सिंह ने किया। प्रोफेसर वी0सी0-एच0एन0के0 श्रीनिवास राव, प्रोफेसर सन्दीप श्रीवास्तव, डॉ0 चन्दना भारतीय एवं अमित कुमार उपस्थित थे।

संसू, जागरण ● गोंडा : श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज में युवा उत्सव पखवाड़ा के तहत सड़क सुरक्षा विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता व रेडक्रास इकाई ने एचआइवी, एड्स टीबी-कारण बचाव एवं उपचार विषय पर व्याख्यान आयोजित किया। कार्यक्रम 61 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में साक्षी तिवारी प्रथम, ताशु तिवारी द्वितीय, दृष्टि श्रीवास्तव व सृष्टि सिंह संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं।

एचआइवी, एड्स 8 टीबी- कारण, बचाव एवं उपचार विषय पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक डा. मिथिलेश ने व्याख्यान दिया। कहा कि टीबी विश्व में सबसे अधिक मौतों का कारण है, जिसका 26 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ हमारे देश में व्याप्त है। 15 से 45 वर्ष के आयु समूह में इस बीमारी की बहुतायत है। एचआइबी व एड्स के बारे में बताया। जंतु विभाग विभाग के अध्यक्ष शिशिर त्रिपाठी ने संयमित जीवन जीने की सलाह दी।

रेड क्रास प्रभारी प्रो. राजीव कुमार अग्रवाल ने बताया कि 100 दिवसीय राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। नैक समन्वयक प्रो. जितेंद्र सिंह ने विचार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. अमन चंद्रा, डा. पुनीत कुमार व डा. ममता शुक्ला रहीं।

कार्यक्रम का संचालन डा. अजीत कुमार मिश्र, डा. स्मिता सिंह, डा. प्रियंका श्रीवास्तव, प्रतिभा सिंह व संयोजक पूजा यादव ने किया। प्रो. शशि बाला, डा. लोहंस कुमार कल्याणी, डा. संतोष कुमार, डा. योगेंद्र नाथ श्रीवास्तव, राकेश मिश्र, एनसीसी प्रभारी डा. अमित कुमार शुक्ल उपस्थित रहे।